प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 30.05.2024

- **जनपद कानपुर देहात के साइबर सेल थाना अकबरपुर पुलिस को मिली सफलता।**
- **आवेदक द्वारा त्रुटिवश किसी अन्य खाते में पैसा ट्रांसफर कर दिया गया, जिस पर साइबर सेल थाना अकबरपुर द्वारा कार्यवाही करते हुए 72,484 रुपये की धनराशि पीडित के बैंक खाते में वापस कराकर पीडित के चेहरे पर लौटाई खुशी।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्रीमान बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री विनोद कुमार पुत्र शिवकुमार पाण्डेय निवासी ग्राम थनवापुर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात द्वारा दिनांक 13.10.2023 को नेट बैंकिंग के माध्यम से 72,484 रुपये का अपने बैंक खाते से भुगतान किया गया परन्तु IFSC गलत भर जाने की वजह से पैसा किसी अन्य खाते में ट्रांसफर हो गया था। जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा कई बार बैंक में भी सम्पर्क किया गया परन्तु बैंक से कोई सहयोग न मिलने के कारण आवेदक ने साइबर सेल थाना अकबरपुर पर दिनांक 14.03.2024 को उक्त घटना के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर साइबर सेल थाना अकबरपुर द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुए दिनांक 27.05.2024 को आवेदक के बैंक खाते में कुल धनराशि 72,484 रुपये वापस करा कर आवेदक के चेहरे पर मुस्कान लौटाई। पुलिस/साइबर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

वापस करायी गयी धनराशि-

72,484 रुपये

धनराशि वापस कराने वाली साइबर क्राइम पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री सतीश कुमार सिंह साइबर सेल थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
2. क0ऑ0 सुशील गौर साइबर सेल थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
3. का0 नीरज शर्मा साइबर सेल थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।